**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 01 अगस्त 2026, समय 13:05 (5 मिनट)**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अभद्र भाषा और नफरत से किसी समस्या का समाधान नहीं होता। उन्होंने भटके हुए युवाओं के प्रति सहानुभूति दिखाने की अपील की और कहा कि राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए उन्हें दंडित करने के स्थान पर सही राह दिखाया जाना चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किए गए एक वीडियो संदेश में, प्रधानमंत्री ने राजधानी के जंतर-मंतर पर हुई हाल की घटना का जिक्र किया, जहां उनके और उनकी दिवंगत मां के लिए अपशब्दों का प्रयोग किया गया था। उन्होंने कहा कि इस घटना को देश और दुनिया के लोगों ने देखा है और समाज में इस तरह के व्यवहार पर आक्रोश और निराशा स्वाभाविक है, लेकिन बचपन सीखने, गलतियां करने और उन्हें सुधारने का भी एक दौर है।**

***<u>बचपन में गलतियां होती हैं और बचपन में गलतियों से सुधरने का अवसर भी होता है। ये गुमराह बच्चे हैं, उनको राह दिखाना हमारा काम है। उनको सजा देना, अदालतों के चक्कर कटवाना, समाज में उनको प्रताड़ित करना, इससे हम परिस्थितियां नहीं बदल पाएंगे। मैं उन्हें माफ करना चाहता हूं। समाज भी मेरी इस बात को स्वीकार करे। मैं इन बच्चों को कहता हूं बच्चों आओ, हम देश के लिए साथ मिलकर आगे बढ़ेंगे।</u>***

**------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------**

पानीपत निवासी ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने देश का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रमंडल खेलों 2026 के पुरुष जैवलिन थ्रो फाइनल में रजत पदक जीता नीरज चोपड़ा ने 85.83 मीटर थ्रो के साथ रजत पदक हासिल किया। जबकि स्वर्ण पदक श्रीलंका के रुमेश पथिरागे की झोली में गया और भारत के यशवीर सिंह ने कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम शुरुआती चरण में ही बाहर हो गए। इस तरह भारत को जैवलिन थ्रो में दो पदक मिले।

पानीपत में नीरज चोपड़ा के गाँव खंडरा में उनके परिवार ने फाइनल मैच देखा । मीडिया से बातचीत में उनके चाचा भीम चोपड़ा ने कहा कि हमें पूरा भरोसा था कि नीरज फाइनल मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस उपलब्धि पर नीरज चोपड़ा को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीरज ने एक बार फिर अपने खेल से पूरे विश्व में हरियाणा का नाम रोशन किया है।

----------------------------------------------------------------------------------------------------------

चरखी दादरी सेना भर्ती कार्यालय ने अग्निपथ योजना के तहत भारतीय सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, चरखी दादरी एवं भिवानी जिले के अभ्यर्थियों की शारीरिक परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। भर्ती निदेशक कर्नल के संदीप ने बताया कि अभ्यर्थी ज्वाइन इंडियन आर्मी वेबसाइट से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। भर्ती रैली का आयोजन 2 सितंबर से 15 सितंबर 2026 तक भिवानी के भीम स्टेडियम में किया जाएगा।

----------------------------------------------------------------------------------------
--------

पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक, गुलाब चंद कटारिया ने कल पंजाब लोक भवन में पंजाब और चंडीगढ़ के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में युवाओं को नशे के खिलाफ लामबंद करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान "माई भारत युवा कनेक्ट – नशामुक्त अभियान" की तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए, राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने युवाओं को स्वस्थ, अनुशासित और जिम्मेदार जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित कर नशामुक्त समाज के निर्माण में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर बल दिया।

राज्यपाल ने सभी विश्वविद्यालयों को माई भारत पोर्टल के माध्यम से नशामुक्ति ई-शपथ अभियान में छात्रों, संकाय सदस्यों और स्वयंसेवकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विश्वविद्यालयों को 2 अगस्त को सुबह 10 बजे आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम की तैयारी तुरंत शुरू करने का निर्देश दिया, जिस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रतिभागियों को वर्चुअली संबोधित करेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक पात्र छात्र को माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण करने, नशामुक्ति की शपथ लेने और ई-सर्टिफिकेट डाउनलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

----------------------------------------------------------------------------------------
----------------